Covid-19 जैसी विशेष परिस्थिति में बिहार के बच्चों को सीखने में सहयोग हेतू विकसित वर्कशीट

बच्चे अपने घर का बजट बनाना सीखें

मान लिजिए कि आपके माता–पिता ने शौक से इन दिनों घर संभालने की जिम्मेदारी आप को दी है। कुल 1000 रूपये आप को घर के काम के लिए खर्च करने को दिया गया है। आप को अपने घर का मासिक बजट बनाना है। नीचे दिये गये टेबूल से आप बजट बना सकते हैं।

संभावित खर्च	खर्च की गई राशि (रूपयों में)	प्राप्त राशि	कुल रूपये
दूध		माता–पिता से	1000=00
पशुचारा		अन्य से	
साग सब्जी			
तेल–नमक आदि			
आटा			
दवाएं			
मोबाईल रिचार्ज			
बच्चों के खाद्य पदार्थ			
टी.बी. रिचार्ज			
खेत के पानी पम्प के लिए डीजल			
घर का बिजली बिल			
गैस सिलेण्डर			
चावल			
अन्य खर्च			
कुल योग		कुल योग	

नोटः उपरोक्त तालिका के संभावित खर्च कॉलम में आप बदलकर दूसरे तरह के खर्च भी डाल सकते हैं।

इनका जवाब ढूँढेः–

1. बचत करने के लिए क्या बहुत पैसा होना चाहिए? सोचिये।
2. महीने में 10 रूपये बचत करने वाले व्यक्ति के पास 5 साल बाद कितना पैसा रहेगा?
3. महीने में 5000 खर्च करने वाले 5 रूपया भी बचत नही कर पाते हैं? क्यों? सोचिये।
4. क्या आपात स्थिति में परिवार के पास बचत में पैसे होने चाहिए? क्यों?
5. क्या आप बैक मे अपना बचत खाता खोले है? हाँ / नही तो क्या आप खोलना चाहेंगे?

इन बातों का ध्यान रखेंः–

- ✍ हम सब को बहुत बुद्विमानी से खर्च करना चाहिए ताकि हम जितना अर्जित करते हैं, कभी उससे अधिक खर्च न हो
- ✍ अपनी आय का कुछ भाग भविष्य के लिए अवश्य बचाना चाहिए।
- ✍ हमें खर्च करने के अपने निर्णय बहुत सोच विचार कर लेना चाहिए।
- ✍ कभी कभी हम अपनी आय भूल जाते है और हमारे खर्च हमारी आय से अधिक हो जाते हैं। इसलिए ऐसी परिस्थति से बचने के लिए हम सब को अपना बजट बनाना चाहिए ।

यूनिसेफ एंव बिहार शिक्षा परियोजना परिषद् के सहयोग से रोहिणी साइंस क्लब द्वारा विकसित